युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद तथा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तत्वावधान में तीन दिवसीय 'युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संभाग प्रथम के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में युवकों व युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता तथा जिला रेड क्रॉस फरीदाबाद के सेवानिवृत सचिव श्री बी० बी० कथूरिया ने किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के लेखाकार तथा इस कार्यक्रम समन्वयक श्री वसीम वारिस ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताते हुए युवाओं की नेतृत्व शक्ति के विषय में बताया।

इस कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्री सौरभ भरद्वाज (वरिष्ठ पत्रकार) ने बताया की युवाओं का सार्थक सहयोग ही देश व समाज की उन्नति कर सकता है। वक्ता श्री एस० पी० सिंह (सेवानिवृत प्रवक्ता) ने बताया कि नेतृत्व बुद्धिमानी कल्पनाशक्ति तथा योजनाबद्ध ढंग से होना चाहिए।

प्रथम दिवस के तृतीय सत्र में श्रीमती नीतू कपूर (प्राचार्य, ए० टी० डी० सी० संस्थान) ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए क्योंकि प्रतियोगिता के इस दौर में शिक्षा के साथ-साथ व्यवहार कुशलता भी अत्यंत आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम के द्वितीय दिवस दिनांक 29.03.2019 को मुख्य वक्ता श्री विनय मलिक ने बैंक सम्बन्धी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एन० एस० एस० कोर्डिनेटर श्री सुशील कान्वा ने अपने जीवन के अनुभवों से समाज सेवा की भावना युवाओं में जाग्रत की। श्री राजकुमार (क्रिकेट कोच) ने खेल सम्बन्धी जानकारी व खेलों इण्डिया एप के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दूसरे दिन के अंतिम सत्र में मुख्य वक्ता श्री पवन सिंह (अंतर्राष्ट्रीय योगाचार्य) ने योग के लाभ, आहार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की और देश को युवा नेतृत्व की आवश्यकता है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

इस कार्यक्रम के तृतीय दिवस दिनांक 30.03.2019 को प्रेरक वक्ता श्री एम० पी० सिंह ने युवाओं को माता-पिता व गुरु के महत्त्व के बारे में बताया तथा समझाया कि व्यक्ति यदि सम्मान पाना चाहता है तो उसे दूसरों का सम्मान करना चाहिए।

इस कार्यक्रम के समापन सत्र में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा समन्वयक श्रीमती पूनम शर्मा ने प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी युवा छोटे-छोटे समूह बनाकर स्वरोजगार और साक्षरता के क्षेत्र में अपना योगदान देकर सामुदायिक और राष्ट्र विकास में भागीदारी निभा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में 68 विद्यार्थियों ने पजीकरण कराया तथा नेहरू युवा केंद्र की तरफ से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती किरण आनंद के कुशल देख रेख में हुआ तथा अंत में श्रीमती कमल टंडन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

2nd News

इसी कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की ओर से छात्राओं द्वारा 'मंकीस पैन' नाटक का सुन्दर मं

चन डॉ० सारिका के निर्देशन में किया गया।